# कुड़ेकेला में आयोजित हुआ जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर विभागीय योजनाओं से लाभान्वित हुए हितग्राही

**रायगढ़**







धरमजयगढ़ विकासखंड के ग्राम-कुड़ेकेला में आज जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। यहां विभागों द्वारा योजनाओं की जानकारी देने के लिए स्टॉल लगाए गए थे। आयोजित जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में शिविर से पूर्व ग्राम पंचायत स्तर पर प्राप्त 69 आवेदनों में से 25 आवेदनों का निराकरण कर दिया गया है। इसी प्रकार आज आयोजित शिविर में 401 आवेदनों में से 95 आवेदनों का निराकरण किया गया। शेष आवेदनों का त्वरित निराकरण हेतु संबंधित विभागों को भेजा गया है। शिविर में कुड़ेकेला सहित आस-पास के ग्रामीण पहुंचे थे।

विधायक धरमजयगढ़ लालजीत सिंह राठिया ने कहा कि जनसमस्या निवारण शिविर एक अच्छी पहल है। लोगों की समस्याओं के निराकरण के लिए प्रशासन खुद पहुंच रहा है। जिसके माध्यम से ग्रामीणजन अपने गांव में ही अपनी समस्याओं को जिला स्तरीय अधिकारियों के सामने रख पा रहे है। उन्होंने सभी को विभागीय योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित किया।

सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव ने कहा कि जनसामान्य की समस्याओं के निराकरण के लिए लगातार जनपदों के गांवों में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक लोगों को शिविर का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि आप सभी के सहयोग से धरमजयगढ़ में 84 प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बन चुके है। इसे शत-प्रतिशत करने हेतु स्वास्थ्य विभाग एवं सचिवों की बैठक ली गई है। इसमें से ऐसे लोग छुटे हुए है जो बाहर है अथवा रोजगार के लिए दूसरे जगह कार्य कर रहे है, उन्हें प्रोत्साहित करें ताकि उन्हें योजना का लाभ मिल सके। इसी तरह पेंशन के हितग्राहियों के आधार एवं बैंक लिंकेज का कार्य किया जा रहा है। साथ ही मनरेगा के जॉब कार्ड को आधार से लिंक किया जा रहा है, ताकि राशि वितरण के कार्य में पारदर्शिता बनी रहे। सीईओ जिला पंचायत यादव ने कहा कि धरमजयगढ़ में 7 हजार से अधिक आवास स्वीकृत कर राशि प्रदान की जा चुकी है। लेकिन जो आवास सूची में शामिल होने के पश्चात बाहर रहने अथवा अपूर्ण दस्तावेज के कारण योजना का लाभ नहीं मिला है वे शिविर में आवास के लिए आवेदन कर सकते है ताकि आवास योजना का लाभ अतिशीघ्र प्रदान किया जा सके। इस शिविर का उद्देश्य ही अंतिम व्यक्ति कोशासन की योजनाओं से लाभान्वित करना है। उन्होंने जनसामान्य को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी विभाग में किसी भी स्तर पर लंबित कार्य हो तो उनकी जानकारी दें ताकि आपके कार्य को प्राथमिकता के साथ निराकृत कर सके। शिविर में जिला स्तर के सभी विभागों के स्टॉल लगे हुए है जहां सभी वर्ग के लिए महत्वपूर्ण योजनाएं है। सभी जानकारी प्राप्त कर अधिक से अधिक योजनाओं का लाभ उठाएं। सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव ने लोगों से मिले आवेदन पर अधिकारियों को तत्काल निराकरण के निर्देश मौके से ही दिए।

इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष पुनीत कुमार राठिया, जनपद उपाध्यक्ष रमेश अग्रवाल, रजनी राठिया, बीडीसी कुडेकेला संजय गुप्ता, सरपंच संतराम राठिया, उप सरपंच प्रवीण गुप्ता, राम प्रसाद राठिया, रूपराम पटेल, सरपंच बेहरामार बनवारी राठिया, जेठूराम राठिया, जज्ञय राठिया, राजकुमार राठिया, गैवीनाथ पांडे, विजय राठिया, डीएफओ धरमजयगढ़ अभिषेक जोगावत, एसडीएम धरमजयगढ़ डिगेश पटेल सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

**विभागीय योजनाओं से लाभान्वित हुए हितग्राही**

कुड़ेकेला में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में कृषि विभाग द्वारा 3 हितग्राहियों को विद्युत पंप, 2 हितग्राहियों को स्प्रिंकलर सेट तथा 10 हितग्राहियों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड एवं सूक्ष्म पोषण तत्व का वितरण किया गया। शिक्षा विभाग द्वारा 8 विद्यार्थियों को सहायक उपकरण, मछली पालन विभाग द्वारा 1 हितग्राही को जाल एवं 3 हितग्राहियों को आइस बाक्स प्रदाय किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए स्टॉल में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने स्वास्थ्य जांच कराकर नि:शुल्क दवा प्राप्त किए। इसी तरह अन्य विभागों ने भी पात्र हितग्राहियों योजनाओं से लाभान्वित किया। शिविर में सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहें। उन्होंने मंच के माध्यम से विभागीय योजनाओं के बारे में जानकारी दी।

**शिविर में मासिक पत्रिका जनमन का किया गया वितरण**

शिविर में शासन की जनकल्याण योजनाओं संबंधित पत्रिकाओं जनमन एवं सुशासन के नवीन आयाम तथा खुशियों का नोटिफिकेशन महतारी वंदन जैसे पुस्तकों का वितरण किया गया। राज्य शासन द्वारा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं, महत्वपूर्ण निर्णय एवं उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने और उन्हें योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित करने हेतु मासिक पत्रिका जनमन का प्रकाशन जनसंपर्क विभाग द्वारा किया जाता है। जनमन के माध्यम से शासन की सभी योजनाओं एवं उपलब्धियों की जानकारी जनसामान्य को मिलती हैं।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक 9 नवम्बर को

**रायगढ़।** लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक 9 नवम्बर को प्रात: 10.30 बजे से कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आहूत की गई है। बैठक में ग्रामीण विकास विभाग, भारत सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की जाएगी।

### आंगनबाड़ी में रिक्त सहायिका पद हेतु 30 नवम्बर तक मंगाए गए आवेदन

**रायगढ़।** एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ (ग्रामीण) अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र परसदा एवं आंगनबाड़ी केन्द्र टारडीपा सरवानी में रिक्त आंगनबाड़ी सहायिका के एक-एक पद पूर्ति हेतु 30 नवम्बर 2024 तक आवेदन मंगाए गए है। नियुक्ति से संबंधित विस्तृत जानकारी परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ (ग्रामीण)में संपर्क कर सकते है।

### निजी भूमि अधिग्रहण की होगी कार्यवाही, 15 नवम्बर तक तक कर सकते है दावा-आपत्ति

**रायगढ़।** झारसुगुड़ा-बिलासपुर चतुर्थ लाईन हेतु किरोड़ीमलनगर से भूपदेवपुर रेल लाईन (08 कि.मी., 0.244 हेक्टेयर) निर्माण हेतु निजी भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही भारतीय रेल अधिनियम 1989 (संशोधित) के अधीन धारा 20 ए के तहत की जा रही है। इस संदर्भ में जो कृषक दावा/ आपत्ति प्रस्तुत करना चाहते हैं तो अपनी आपत्ति भू-अर्जन अधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.)रायगढ़ के कार्यालय में 15 नवम्बर 2024 को समय प्रात: 11 बजे स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि या अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं।

### नक्सलियों ने मुठभेड़ में लूटे थे हथियार, पुलिस ने किया बरामद

**दंतेवाड़ा-रायपुर (आरएनएस)।** अबूझमाड़ (नारायणपुर) के थुलथुली में महीने भर पहले हुई अब तक की सबसे बड़ी मुठभेड़ में मिले अत्याधुनिक हथियारों में से 11 हथियारों की पहचान हो गई है, जो नक्सलियों ने दो दशक में विभिन्न अलग-अलग मुठभेड़ों में फोर्स से लूटा था। इस मुठभेड़ में डीकेएसजेडसी मेंबर स्तर की नक्सली नीति उर्फ उर्मिला समेत 38 नक्सली मारे गए थे। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि बरामद हथियारों में से एक इंसास नक्सलियों ने 2009 में राजनांदगांव के मदनवाड़ा मुठ मुठभेड़ में लूटा था, जिसमें एसपी विनोद चौबे समेत 29 जवान बलिदान हुए थे। अबुझमाड़ के थुलथुली नेंदुर में बरामद दो दर्जन से अधिक हथियारों की पहचान की कोशिश में पुलिस जुटी हुई थी। ज्यादातर एके-47, इंसास, एसएलआर, इंसास एलएमजी, यूबीजीएल, 2 इंची मोर्टार जैसे हथियार पुलिस व अर्धसैनिक बलों से लूटे हुए हैं, लिहाजा इसमें दर्ज सीरियल नंबर और आबंटित कोड से हथियारों की पहचान की जाती है। अन्य हथियार नक्सलियों के कारखाने द्वारा निर्मित स्वदेशी बंदूकें और जुगाड़ वाली होते हैं।

## डाकघर एवं इंडिया पोस्ट पेमेंटस माध्यम से बनवा सकते है पेंशनरों के लिए डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट

**रायगढ़**

केन्द्र एवं राज्य सरकार की नौकरियों से रिटायर हुए कर्मचारियों को पेंशन मिलती रहे, उसके लिए प्रतिवर्ष नवंबर माह में पेंशनर को जीवन प्रमाण पत्र यानि लाइफ सर्टिफिकेट जमा कराना होता है। वर्तमान में इंडिया पोस्ट पेमेंटस् बैंक द्वारा पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग के साथ मिलकर राष्ट्रव्यापी डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र अभियान 01 नवंबर से 30 नवबंर 2024 तक चलाया जा रहा है जिसमें फेस ऑथेंटिकेशन तकनीक और फिंगरप्रिंट बायोमैट्रिक ऑथेंटिकेशन की सहायता से दूरदराज एवं ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले सभी पेंशनभोगियों और वरिष्ठ नागरिक पेंशन भोगियों को उनके घर/ दरवाजे के सबसे नजदीक जीवन प्रमाण पत्र जमा करने की सुविधा प्रदान किया जा रहा है।

यह सेवा वृद्ध पेंशनभोगियों के लिए बहुत उपयोगी है क्योंकि उन्हें पेंशन वितरण एजेंसी के कार्यालय में भौतिक रूप से जाने की आवश्यकता नहीं होगी। पेंशनभोगी इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक द्वारा दी जाने वाली डोरस्टेप डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट सेवा के माध्यम से या डाकघर की गूगल प्ले स्टोर के पोस्ट इन्फो एप के सर्विस रिक्वेस्ट सुविधा के माध्यम से जीवन प्रमाण पत्र बना सकेगें। इसके लिए पेंशनभोगी को केवल निकटतम डाकघर या डाकिया/ग्रामीण डाक सेवक से संपर्क करना होगा अथवा पोस्ट इन्फो एप के माध्यम से डीएलसी बनाने के लिए रिक्वेस्ट भेजनी होगी। डाकिया/ग्रामीण डाक सेवक द्वारा डिजिटल लाईफ सर्टिफिकेट तैयार करने के लिए जीएसटी सहित 70 रुपये का शुल्क लिया जाता है एवं आधार नंबर और पेंशन विवरण प्रदान करना होगा। प्रमाण पत्र तैयार करने की प्रक्रिया पूर्ण होने पर पेंशनभोगी को उसके मोबाइल नबर पर पुष्टिकरण एसएमएस प्राप्त होगा और प्रमाण पत्र को https://jeevanpramaan.gov.in/ppouser/login पर ऑनलाइन भी देखा जा सकता है। इंडिया पोस्ट पेमेंटस् बैंक द्वारा यह सुविधा छत्तीसगढ़ के 134 उप डाकघरों एवं प्रधान डाकघरों में कैंप शिविर के माध्यम से भी प्रदान की जा रही है। अधिक जानकारी के लिए अपने नजदीकी डाकघरों एवं इंडिया पोस्ट पेमेंटस् बैंक में संपर्क किया जा सकता है।

## हत्या के मामले में दो सगे भाईयों को आजीवन कारावास की सजा

**रायगढ़**




जिला रायगढ़ की द्वितीय अपर सत्र न्यायालय में न्यायाधीश जितेंद्र कुमार ठाकुर ने थाना पुसौर के हत्या मामले में 05 नवंबर को दो सगे भाइयों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से अपर लोक अभियोजक मोहन ठाकुर ने पैरवी की।

17 जुलाई 2022 को थाना पुसौर क्षेत्र के ग्राम लोहाखान काजूबाड़ी में गांव के निवासी, उदेराम भोय का शव पेड़ पर टंगा मिला। प्रारंभिक जांच में पता चला कि अज्ञात आरोपी ने उदेराम की हत्या करने के बाद उसकी हत्या को आत्महत्या का स्वरूप देने की कोशिश की और सबूत छिपाने के लिए शव को पेड़ पर लटका दिया था। इस अंधे कत्ल मामले में तात्कालिक थाना प्रभारी पुसौर, उप निरीक्षक गिरधारी साव (वर्तमान थाना जूटमिल) ने मर्ग कायम कर मृतक के वारिसानों और गवाहों के कथन लिये। जांच अधिकारी ने वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन पर तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस डॉग रूबी की मदद ली गई, जिसमें स्पष्ट हुआ कि उदेराम की हत्या कहीं और कर शव को काजूबाड़ी लाया गया है, सामिलाती खाते, पारिवारिक विवाद के एंगल पर जांच करते हुए जांच अधिकारी एसआई गिरधारी साव ने मृतक के चचेरे भाई आरोपित शिवकुमार भोय और जितेंद्र भोय के विरूद्ध अहम सबूत पाये और दोनों आरोपियों के खिलाफ अपराध क्रमांक 307/2022 धारा 302, 201, 34 आईपीसी के तहत हत्या और साक्ष्य छिपाने का मामला दर्ज किया।

जांच के दौरान आरोपी शिवकुमार भोय और जितेंद्र भोय के खिलाफ अहम साक्ष्य, जैसे बिजली के तार, मृतक के कपड़े और चप्पल, जब्त किए गए। इन साक्ष्यों के आधार पर उप निरीक्षक गिरधारी साव ने आरोपियों के विरुद्ध जेएमएफसी न्यायालय रायगढ़ में चालान पेश किया। मामले की सुनवाई द्वितीय अपर सत्र न्यायालय में चली, जहां 05 नवंबर को निर्णय आया।

माननीय न्यायाधीश जितेंद्र कुमार ठाकुर ने आरोपी शिवकुमार भोय (उम्र 40 वर्ष) और जितेंद्र भोय (उम्र 30 वर्ष), दोनों निवासी लोहाखान, थाना पुसौर को दोषी करार देते हुए हत्या के आरोप में धारा 302 के तहत आजीवन कारावास और रु.2500 का अर्थदंड तथा साक्ष्य छिपाने के अपराध में 7 वर्ष का सश्रम कारावास और रु.2500 का अर्थदंड की सजा सुनाई। दोनों सजाएं एक साथ चलेंगी।

इस मामले की संपूर्ण विवेचना तात्कालिक थाना प्रभारी पुसौर, उप निरीक्षक गिरधारी साव (वर्तमान थाना जूटमिल) द्वारा की गई, जिनकी प्रभावी विवेचना और अपर लोक अभियोजक मोहन ठाकुर की पैरवी से आरोपियों को सजा दिलाई जा सकी।

## क्राइम मीटिंग : अपराध, शिकायत, मर्ग और विशेष अभियान की समीक्षा कर एसपी ने दिए पेंडेंसी निकालने के निर्देश

- पेंडेंसी के निकाल के साथ फिल्ड पर अधिक समय दें, थाना प्रभारी -एसपी दिव्यांग पटेल
- क्राइम मीटिंग में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों का किया गया उत्साहवर्धन

**रायगढ़**



दिनांक 08.11.2024 को पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल ने पुलिस कंट्रोल रूम में जिले के राजपत्रित पुलिस अधिकारियों, थाना एवं चौकी प्रभारियों की बैठक ली। बैठक की शुरुआत में, पुलिस अधीक्षक ने समंस-वारंट अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले और विभिन्न थानों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों का सम्मान किया। इस दौरान, निरीक्षक मोहन भारद्वाज (थाना प्रभारी जूटमिल) और निरीक्षक नारायण सिंह मरकाम (थाना प्रभारी कापू) को समंस-वारंट के विशेष अभियान में अन्य थानों की अपेक्षा अधिकाधिक वारंटों की तामिली के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

थाना कोतरारोड़ के उप निरीक्षक कुसुम कैवर्त और आरक्षक शिवानंद प्रधान को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया, जिन्होंने अपने थानाक्षेत्र की गुम बालिका को मुरादाबाद, उत्तर प्रदेश से खोज निकालने मं् उल्लेखनीय योगदान दिया। इसी क्रम में, थाना तमनार के आरक्षक भूपेश राठिया को धोखाधड़ी के प्रकरण में विशेष योगदान के लिए तथा थाना पुसौर के आरक्षक ओसनिक विशवाल को पुसौर क्षेत्र की गुम बालिका को रायगढ़ रेलवे स्टेशन पर दस्तयाब करने में त्वरित कार्रवाई के लिए पुरस्कृत किया गया।

पुलिसकर्मियों को पुरस्कृत करने के बाद, पुलिस अधीक्षक ने थानावार लंबित मर्गों की समीक्षा के साथ क्राइम मीटिंग प्रारंभ की। उन्होंने छह माह से अधिक समय से लंबित मर्गों का जल्द से जल्द निकाल करने के निर्देश दिए। गुम इंसान, हत्या, लूट, दुष्कर्म, पॉक्सो, एवं महिला संबंधी अपराधों में जांच की प्रगति की भी समीक्षा की गई, साथ ही निर्देश दिया कि सभी अधिकारी वर्षान्त तक लंबित मामलों की पेंडेंसी न्यूनतम करें। थाना प्रभारियों को अपने क्षेत्रों के बीट सिस्टम को अपडेट रखने, संदिग्ध व्यक्तियों की नियमित जांच करने और बीट के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम चलाने के निर्देश दिए गए।

मीटिंग में पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रभारियों को फील्ड में अधिक समय बिताने और विजुअल पुलिसिंग पर जोर देने के निर्देश दिए। उन्होंने कर्मचारियों में अनुशासन बनाए रखने, आम जनता के साथ सौहार्दपूर्ण व्यवहार करने और अपराधी प्रवृत्ति के लोगों में पुलिस का प्रभाव सुनिश्चित करने पर जोर दिया। पुलिस अधीक्षक ने अवैध जुआ, शराब, कबाड़ एवं अन्य प्रतिबंधित गतिविधियों पर कार्रवाई के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश भी दिए। इसके अलावा, एक्साइज एक्ट एवं नारकोटिक्स एक्ट के तहत जब्त वाहनों का राजसात करने के निर्देश भी दिए गए। क्राइम मीटिंग में एडिशनल एसपी आकाश मरकाम, डीएसपी अखिलेश कौशिक, एसडीओपी खरसिया प्रभात पटेल, एसडीओपी धरमजयगढ़ सिद्धांत तिवारी, डीएसपी रमेश चन्द्रा व सभी थाना/ चौकी प्रभारी उपस्थित रहे।

## गुलाबी ठंड ने प्रदेश में दी दस्तक, तापमान में 3 डिग्री की गिरावट दर्ज

**रायपुर । आरएनएस**



राजधानी में सुबह और रात को हल्की ठंड का अहसास होने लगा है। सुबह आउटर में ज्यादा ठंड महसूस हो रही है। आने वाले दिनों में मौसम शुष्क रहेगा और उत्तर से ठंडी हवाएं आएंगी। इससे ठंड बढ़ेगी। शुष्क हवाओं के कारण भी तापमान में लगातार गिरावट हो रही है। पिछले पांच दिनों के दौरान दिन और रात का तापमान 3 डिग्री तक गिरा है। मौसम विभाग की ओर से जारी रिकार्ड का परीक्षण करने से पता चला है कि पिछले रविवार तक दिन और रात का तापमान सामान्य से लगभग 4-4 डिग्री तक बढ़ा था।

अब ये 1 डिग्री के आसपास पहुंच गया है। गुरुवार को दिन का तापमान 32.2 डिग्री रिकार्ड किया है। रात का तापमान 20 डिग्री तक पहुंच गया है। इस सीजन में पहली बार रात का तापमान इतना कम हुआ है। राज्य के अन्य इलाकों में भी तापमान कम हो रहा है। कुछ इलाकों में तो तापमान सामान्य से भी नीचे चला गया है। दुर्ग में अभी दिन और रात के तापमान में अच्छी कमी आई है। दिन का तापमान 31 और रात का 17 डिग्री तक पहुंच गया है। रात का तापमान तो सामान्य से लगभग 2 डिग्री कम हो गया है। मौसम विज्ञानियों के अनुसार नवंबर के दूसरे सप्ताह से ठंड बढ़ेगी। यही वजह है कि तापमान में कमी हो रही है।

संरक्षित जल, सुरक्षित कल

## जल संरक्षण और जलवायु पुनस्थापना को बढ़ावा देने 12 वां वार्षिक महाधिवेशन का हुआ आयोजन

- महाधिवेशन में महिलाओं ने किया अनुभव साझा, प्रस्तुत किए आजीविका मॉडल

**रायगढ़**





रायगढ़ महिला संघ का बारहवां वार्षिक महाधिवेशन का आयोजन रायगढ़ के शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम में हुआ। इस वर्ष के महाधिवेशन का विषय 'संरक्षित जल, सुरक्षित कलÓ जिसके तहत जल संरक्षण और जलवायु पुनस्थापना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें विधायक उमेश पटेल एवं जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल शामिल हुए। कार्यक्रम में अतिथियों ने महिला संघ की एकता, समर्पण और प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि रायगढ़ महिला संघ ने गांवों में सतत् विकास और समृद्धि की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। 150 से अधिक कैडरों/ट्रेनरों को अपने उत्कृष्ट कार्य के लिए रायगढ़ महिला संघ ने सराहना की।

महाधिवेशन का शुभारंभ महिला संघ की रैली से हुआ जो अंबेडकर चौक से निकलकर कार्यक्रम स्थल तक पहुँची। इस दौरान बीएलएफ अध्यक्ष कमला पटेल ने रायगढ़ महिला संघ की वार्षिक उपलब्धियों की जानकारी दी। बिहान शाखा के अभिक बसु ने 172 हितग्राहियों के जल संरक्षण हेतु विभिन्न संरचनाओं के निर्माण के प्रस्ताव जमा किए। कार्यक्रम में सभी सीएलएफ ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से विशेष प्रस्तुतियाँ दी एवं वरिष्ठ महिला सदस्यों का सम्मान किया गया। जिन्होंने अपने अनुभव साझा कर नई पीढिय़ों को प्रेरित किया। जल संरक्षण पर आधारित संरक्षित जल, सुरक्षित कल प्रतियोगिता को प्रदान संस्था से विद्याधर प्रधान, अरविन्द सिंह, नरेश बारा और रामआशीष चौहान द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें प्रश्नोत्तरी के माध्यम से जल संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने का प्रयास किया गया।

इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष भूमिसता चौहान, डीडीसी संगीता गुप्ता, बीडीसी पदमिनी मेहर, अतिरिक्त जनपद पंचायत सीईओ सनथ नायक, पशु विभाग से तृप्ति सिंह, कृषि विभाग से अभिषेक पटेल एवं माधुरी त्रिपाठी, केवीके से केडी महंत, जनपद पंचायत से रोशनी दुबे और प्रदान से सत्य नारायण बेहेरा, राकेश इक्का, संजय पांडा, जिंदल सीएसआर से रोशनी स्वर्णकार एवं प्रथम संस्था के सदस्य भी उपस्थित रहे।

**महिला समूह ने प्रस्तुत किए आजीविका मॉडल**

महिला संघ द्वारा तैयार किए गए कई आजीविका मॉडल जैसे बहु-परत खेती, मुर्गी पालन, मशरूम उत्पादन, टपक सिंचाई मॉडल, मचान विधि, एकीकृत आजीविका और विविधीकरण जैसे विभिन्न मॉडल महाधिवेशन में लगाए गए थे। इन मॉडलों का निर्माण महिला समूहों ने जल संरक्षण की थीम को ध्यान में रखकर किया था। इन योजनाओं में प्राकृतिक खेती, जैविक उत्पाद, पशुपालन और हस्तशिल्प जैसी गतिविधियाँ शामिल थीं।

महिलाओं ने साझा किए अपने संघर्ष मेरी जुबानी मेरी कहानी कार्यक्रम के तहत 20 महिलाओं ने मंच पर अपनी जीवन यात्रा और संघर्षों की कहानियाँ साझा कीं, जिससे अन्य सदस्यों को प्रेरणा मिली। इस आयोजन में महिला सशक्तिकरण का जीवंत उदाहरण प्रस्तुत किया गया, जिसमें सभी ने एकता और समर्पण का संदेश दिया।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480